हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

04 अगस्त 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार:</u>

1. हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, इस वर्ष 'हर घर तिरंगा अभियान' पहले से अधिक व्यापक, प्रभावी एवं जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा।

2. मुख्यमंत्री ने राष्ट्रमंडल खेलों में देश को मिले कुल 39 पदकों में से 10 पदक तथा 13 स्वर्ण पदकों में से 7 स्वर्ण पदक हरियाणा के खिलाड़ियों द्वारा जीते जाने पर गर्व व्यक्त किया।

3. मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की पवित्र कलश यात्रा को हरियाणा के 27 संगठनात्मक जिलों के लिए रवाना किया।

4. राष्ट्रमण्डल खेलों से लौटने पर खिलाड़ियों का नई दिल्ली हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत किया गया।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस वर्ष 'हर घर तिरंगा अभियान' को पहले से अधिक व्यापक, प्रभावी एवं जनभागीदारी से मनाएगी।

उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल राष्ट्रीय ध्वज फहराने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता तथा स्वतंत्रता संग्राम के महान बलिदानों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक व्यापक जन-आंदोलन बनेगा। वे आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि 9 अगस्त से 17 अगस्त तक पूरे हरियाणा में गांव-गांव, शहर-शहर, वार्ड-वार्ड और घर-घर तक 'हर घर तिरंगा लहराया जाएगा।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि 9 अगस्त को महेंद्रगढ़ में 'वंदे मातरम' की भावना से ओत-प्रोत एक तिरंगा कन्सर्ट आयोजित किया जाएगा।इस अभियान के दौरान रेलवे स्टेशनों, पब्लिक पार्क, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, स्कूलों, कॉलेजों और अन्य प्रमुख जगहों पर तिरंगे और वंदे मातरम से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई जाएंगी।

इन प्रदर्शनियों में आने वाले छात्रों और लोगों को तिरंगे के इतिहास, इसके महत्व और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान के बारे में जानकारी दी जाएगी। 'सेल्फी विद तिरंगा' अभियान की मुख्य डिजिटल गतिविधि के तहत नागरिक 'हर घर तिरंगा' पोर्टल पर अपनी सेल्फी अपलोड कर सकेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चूंकि 'वंदे मातरम' के 150 साल पूरे हो रहे हैं, इसलिए इस साल डिजिटल कंटेंट में इसके बोल भी शामिल किए जाएंगे। तिरंगा बनाने, स्थानीय बिक्री केंद्र चलाने, रंगोली बनाने, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जनसंपर्क के कामों में स्वयं सहायता समूह सक्रिय रूप से भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि तिरंगे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरे राज्य में इसकी मांग का आकलन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य के नागरिकों से यह भी अपील की कि वे पूरे सम्मान और गरिमा के साथ तिरंगा फहराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवसका आयोजन 14 अगस्त को किया जाएगा।

***************************************************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इन खेलों में भारत ने 39 पदक जीतकर विश्व पटल पर अपनी खेल क्षमता का परिचय दिया है। इसका श्रेय भारत सरकार की उत्कृष्ट खेल प्रोत्साहन नीतियों को देते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश को मिले कुल 39 पदकों में से 10 पदक तथा 13 स्वर्ण पदकों में से 7 स्वर्ण पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया 'हर घर तिरंगा अभियान' आज पूरे देश में एक जन-आंदोलन का स्वरूप ग्रहण कर चुका है। पहले राष्ट्रीय ध्वज केवल सरकारी भवनों तक सीमित था, लेकिन अब प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराकर राष्ट्र के प्रति अपनी आस्था और सम्मान व्यक्त कर रहा है। इस वर्ष इस अभियान को राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान करोड़ों भारतीयों में राष्ट्रभक्ति, त्याग और बलिदान की भावना का संचार किया तथा आज भी यह नई पीढ़ी को देश के गौरवशाली इतिहास से जोड़ने की प्रेरणा देता है।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में काशी से प्रारंभ हुई पवित्र कलश यात्रा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समानता और राष्ट्रीय एकता का जनआंदोलन है। जिसमें हरियाणा पूरी श्रद्धा, सक्रिय सहभागिता और जनभागीदारी के साथ अपना योगदान देगा।

मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की पवित्र कलश यात्रा को हरियाणा के सभी 27 संगठनात्मक जिलों के लिए विधिवत रवाना करने के मौके पर संबोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने श्री शीतला माता मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत उन्होंने 30 जुलाई को कलश यात्रा के गुरुग्राम आगमन पर मंदिर परिसर में स्थापित पवित्र कलश को अपने सिर पर धारण कर यात्रा रवानगी स्थल तक पहुंचाया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आयोजन स्थल पर मौजूद संत समाज के प्रतिनिधियों का शाल भेंट कर उनका सम्मान किया।

**************************************************************************

राष्ट्रमण्डल खेलों में भारत का परचम लहराकर लौटे खिलाड़ियों का आज नई दिल्ली के हवाई अड्डे  पहुँचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने हवाई अड्डे पर पहुंचकर पदक विजेता खिलाड़ियों का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दोरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि  एथलीटों ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से अंतरराष्ट्रीय मंच पर 140 करोड़ देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा किया है।

खेल राज्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के कुशल नेतृत्व में हरियाणा सरकार खेल और खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य में खिलाड़ियों को न केवल विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण सुविधाएं दी जा रही हैं, बल्कि उनकी उपलब्धियों पर आकर्षक नकद पुरस्कार और सुरक्षित भविष्य भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

**************************************************************************

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने आज चंडीगढ़ स्थित पंजाब लोक भवन में लोक भवन कर्मचारी सांस्कृतिक एवं खेलकूद एसोसिएशन द्वारा आयोजित रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी से अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने, नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने तथा समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान करने का आह्वान किया।

शिविर में 155 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच का लाभ उठाया, जबकि 55 स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर जनसेवा के इस अभियान में योगदान दिया।

*******************************************************************